समाचार

गांधी विचार पदयात्रा

सुभाष चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक निकाली गई पदयात्रा

कोरबा 20 अक्टूबर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज सुभाष चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया गया, पदयात्रा के साथ–साथ चल रही गांधी विचार यात्रा लाईब्रेरी एवं अन्य श्रब्य, दृश्य माध्यमों से गांधी जी के विचारों को आमजन तक पहुंचाया गया।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2019 तक किया जा रहा है। 17 अक्टूबर को गांधी विचार पदयात्रा का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर किया गया था। आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर के विभिन्न मार्गो में आगामी 24 अक्टूबर तक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुभाष चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया गया तथा इसके माध्यम से महात्मा गांधी जी के विचारों को आमजन तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही गांधी जी के विचारों, कृतित्व व व्यक्तित्व पर आधारित गीत संगीत से परिपूर्ण नुक्कड़ नाटक का मंचन भी कलाकारों के द्वारा किया गया, पदयात्रा के दौरान गांधी जी के विचारों व संदेशों से संबंधित पम्पलेट भी आमजन को वितरित किए गए। पदयात्रा के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता व जोन कमिश्नर ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता एन.के. नाथ, तपन तिवारी व राहुल मिश्रा, उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार, योगेन्द्र देवांगन, गिरीश साहू के साथ–साथ स्वच्छ कोरबा स्क्वाड के सदस्यगण एवं काफी संख्या में नागरिकगणों ने अपनी उपस्थिति देते हुए पदयात्रा में शामिल हुए।

विभिन्न तिथियों में इन स्थानों पर निकलेगी यात्रा– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इसी कड़ी में 21 अक्टूबर को बालको जोनांतर्गत परसाभांठा से बस स्टैण्ड भदरापारा तक, 22 अक्टूबर को दर्री जोनांतर्गत संध्या चौक से एन.टी.पी.

सी. गेट नं–2 तक, 23 अक्टूबर को बांकीमोंगरा थाना से पानी टंकी बांकीमोंगरा तक एवं 24 अक्टूबर को सीतामणी कोरबा से गीतांजलि भवन तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, साथ ही 24 अक्टूबर को ही समापन समारोह आयोजित किया गया है।